# Empagliflozin (एम्पाग्लिफ्लोज़िन)

(उच्चारण 'एम्पा-ग्लि-फ्लो-ज़िन') **इसे जार्डिएंस भी कहा जाता है।**

Healthify
He Puna Waiora


**एम्पाग्लिफ्लोज़िन** का उपयोग टाइप 2 मधुमेह और हृदय विफलता के उपचार के लिए किया जाता है।

### टाइप 2 डायबिटीज (मधुमेह)

जब आप पेशाब करते हैं तो यह ग्लूकोज को हटाकर आपके रक्त शर्करा को कम करती है।

### हृदय विफलता (यानि दिल में खराबी होना)

यह सांस फूलने, थकान और टखनों की सूजन को कम करती है।




www.healthify.nz

## एम्पाग्लिफ्लोज़िन के अन्य लाभ

एम्पाग्लिफ्लोज़िन निम्न भी करती है:

- ✓ आपके गुर्दों और हृदय की रक्षा करती है
- ✓ आपके रक्तचाप को कम करती है
- ✓ आपके लिए दिल के दौरे का जोखिम कम करती है
- ✓ वजन घटाने में सहायता करती है
- ✓ हृदय विफलता के लिए अस्पताल में भर्ती होने की आपकी संभावना कम करती है
- ✓ आपको लंबे समय तक जीने में मदद कर सकती है

## दुष्प्रभावों की रोकथाम

एम्पाग्लिफ्लोज़िन आपके पेशाब में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ाती है। इससे मूत्र मार्ग में संक्रमण (यूटीआई) या जननांग में फंगल (फफूंदी) संक्रमण (थ्रश) हो सकता है।

**अपना जोखिम कम करने के लिए, जननांगों की स्वच्छता का ध्यान रखें।**

पेशाब करने के बाद हर बार अपने जननांगों को पानी से धोएँ या टॉयलेट पेपर से थपथपाकर सुखाएँ।

**योनि वाले व्यक्ति:**

अपने वल्वा क्षेत्र (योनि) को दिन में दो बार धोएँ।

**लिंग वाले व्यक्ति:**

दिन में एक बार अपने पेट और जांघ के बीच के भाग को धोएँ और पेशाब करने से पहले लिंग को ढकने वाली त्वचा को पीछे खींच लें, ताकि मूत्र आपकी लिंग को ढकने वाली त्वचा के संपर्क में न जाए।

**गंभीर संक्रमण से बचने के लिए, थ्रश या UTI (यूटीआई) का तुरंत उपचार करवाएँ।**

इनमें से कोई भी लक्षण दिखते ही तत्काल अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें:

- आपके गुप्त अंगों या नितंबों पर खुजली, दर्द, लालिमा या सूजन।
- पेशाब करते समय दर्द या जलन।
- बार-बार पेशाब आना या धुंधला, गहरे रंग का या दुर्गंधयुक्त पेशाब आना।

**जटिलताओं से बचाव के लिए इन संक्रमणों का शीघ्र ही उपचार कराना सबसे उचित है।**

**कीटोएसिडोसिस (कीटोन अम्लता) से बचाव के बारे में अगले पृष्ठ पर जानकारी दी गई है।**

# एम्पाग्लिफ्लोज़िन कीटोएसिडोसिस (कीटोन अम्लता) उत्पन्न कर सकती है।

एम्पाग्लिफ्लोज़िन आपके रक्त में कीटोन जमा कर सकता है, जिससे आपका रक्त अम्लीय हो जाता है। इसे **कीटोएसिडोसिस (कीटोन अम्लता)** कहते हैं।

आपके लिए खतरा ज़्यादा होगा यदि आप:

- निर्जलित (पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं) या दस्त से ग्रस्त हैं, या
- आहार में पर्याप्त कार्बोहाइड्रेट नहीं ले रहे हैं।

### कीटोएसिडोसिस (कीटोन अम्लता) गंभीर होती है और तुरंत उपचार की आवश्यकता होती है

- अगर आपको मितली (जी घबराना), वमन (उल्टी आना) या पेट दर्द हो, तो तत्काल अपने डॉक्टर के पास या अस्पताल जाएँ।
- आपके कीटोन के स्तर की जाँच के लिए आपको उंगली में सुई चुभाकर खून की जाँच करानी होगी।

### गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं?

यदि आप गर्भवती हों या स्तनपान करा रही हों तो अपने डॉक्टर को सूचित करें।

आपको इसे बदलकर दूसरी दवा लेनी होगी।

**यह फैक्टशीट (तथ्य पत्र) संक्षिप्त सारांश है। एम्पाग्लिफ्लोज़िन के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए www.healthify.nz/empagliflozin पर जाएं।**

# कीटोन अम्लता से बचने के लिए आप निम्न कर सकते हैं

### पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पिएँ ताकि आपको प्यास न लगे

- अगर आपको तरल पदार्थों का सेवन सीमित करने के लिए कहा गया हो, तो अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम से इस बारे में बात करें कि ऐसी स्थिति में क्या किया जाए।
- शराब से बचें या सीमित मात्रा में पिएँ। बहुत ज़्यादा या बार-बार शराब पीने से कीटोन अम्लता हो सकती है।

### अस्वस्थ होने पर अपनी अस्वस्थता के दिन की योजना बनाएँ।

- अगर आपको मितली, वमन (उल्टी), दस्त (पानी जैसा मल) या बुखार हो, तो एम्पाग्लिफ्लोज़िन लेना रोक दें।
- 1 से 2 दिनों तक सामान्य रूप से खाने-पीने के बाद ही इसे फिर से शुरू करें।

### निम्न करने से पहले अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम से बात करें:

→ कम कार्बोहाइड्रेट वाला आहार (कीटो) शुरू करना

→ कठिन या अधिक अवधि वाली शारीरिक गतिविधि करना, जैसे कि मैराथन, साइकिल चलाना या ऊंची चढ़ाई करना।

→ अन्य दवाएँ या हर्बल सप्लीमेंट्स ( पूरक) लेना।

→ कोई ऑपरेशन या प्रक्रिया कराना जिसमें आपको 12 घंटे या उससे ज़्यादा समय तक खाना बंद करना पड़े (उदाहरण के लिए कोलोनोस्कोपी)। आपको कुछ दिन पहले एम्पाग्लिफ्लोज़िन लेना बंद करना होगा।